दैनिक जागरण नई दिल्ली, 6 मार्च 2020

एक्वा लाइन के मेट्रो स्टेशनों पर मुफ्त मिलेंगे सेनेटरी पैड्स

जागरण संवाददाता नोएडा: एनएमआरसी (नोएडा मेट्रो रेलवे कारपोरेशन) एक्वा लाइन के सभी मेट्रो स्टेशनों पर महिलाओं को निश्शुल्क सैनेटिरी पैड की सुविधा देने जा रही है। महिलाओं को यह सुविधा आठ मार्च से मिलेगी। इसके अलावा एनएमआरसी सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन और परी चौक मेट्रो स्टेशन को पिंक स्टेशन के तौर पर विकसित करेगा। इन स्टेशनों पर महिलाओं के लिए बेबी फीडिंग रूम, डायपर चेंजिंग फैसिलिटी और वैनिटी-कम चेंजिंग रूम की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

पिंक स्टेशनों पर केवल महिला कर्मचारी रहेंगी तैनात: एनएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-76 और परी चौक मेट्रो रेलवे स्टेशन पर सिर्फ महिला कर्मचारी की तैनाती रहेगी। इस बात पर विचार किया जा रहा है। एनएमआरसी के अधिकारी ने बताया कि आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। इसलिए शहर की महिलाओं को यह सुविधा दी जा रही है।